## संक्षिप्त

### बंधे के बालाजी की पदयात्रा 6 को

**नरैना,** (निसं)। कस्बे के गोरी शंकर सरोवर की पाल पर स्थित बाग वाले बालाजी मंदिर से बंधे बालाजी की पदयात्रा गुरूवार को जायेगी। राकेश मोदी,चांदमल कुमावत, राधेश्याम मुराका, शंभुदयाल कुमावत ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में 6 अप्रेल को सुबह पांच बजे गाजे बाजे के साथ पदयात्रा रवाना होगी जो नगर भ्रमण करते हुए आकोदा, बिचून के रास्ते बंधे के बालाजी पहुंचेगी। जहां पर पदयात्रा समिति द्वारा ध्वज व भोग प्रसाद चढ़ाकर महाआरती की जायेगी। वहीं दूसरी और लीलवां की ढाणी स्थित श्री देवनारायण मंदिर से बंधे के बालाजी की 7 वीं पदयात्रा गुरूवार को सुबह चार बजे गाजे बाजे के साथ रवाना होगी।

### गौशाला में हरी सब्जी भेजी

**पावटा,** (निसं)। सोमवार को कलकत्ता से गौभक्त अमरनाथ, केदारमल, सुनील सिंघल ने बाबा भोमिया गौशाला पाथरेडी में गौ माताओं की सेवार्थ दो पिकअप हरी सब्जी भेंट कर समिति द्वारा किया जा रहे कार्यों की सराहना की है। इस अवसर पर संकल्प हरियाली समिति संयोजक नीरज सैन ने कहा कि समिति के कार्यों के आधार पर लोग स्वयं ही आगे आ कर सहयोग करते हैं। गौ माताओं की सेवा में किया गया कार्य व्यर्थ नहीं जाता किसी न किसी रुप में गौमाता उसका प्रतिफल अवश्य देती है। इस दौरान पंकज गुप्ता, प्रकाश सिंघल, सुभाष यादव सहित समिति कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अज्ञात शव की शिनाख्त हुई

**टोंक,** (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश की शिनाख्त फाजिल के रुप में हुई। शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण ने बताया कि रविवार की शाम धन्नातलाई के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली थी, जिसकी शिनाख्त उसके परिजनों ने मो.फाजिल पुत्र मो. सलीम 21 साल निवासी नोशे खां का पुल के रुप में हुई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनो को सौंप मामले की जांच की जा रही है।

# ऑपरेशन सुदर्शन के तहत 24 घंटे में 1074 आरोपी गिरफ्तार



कार्रवाई के बाद पुलिस अधीक्षक राजर्षिराज कोतवाली थाने पहुंचे और अभियान की जानकारी ली।

- **टोंक जिले के सभी थाना पुलिस ने कार्रवाई की**

**टोंक,** (निसं)। जिले के सभी थाना पुलिस की ओर से पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी विशेष अभियान ऑपरेशन सुदर्शन के तहत शनिवार रात से रविवार रात तक कार्रवाई की गई।

जिले की विभिन्न थाना पुलसि ने 24 घण्टे में 94 मामले दर्ज कर विभिन्न मामलों में 1074 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से आपराधिक प्रवर्ति के लोगों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे रेंज स्तरीय विशेष अभियान ऑपरेशन सुदर्शन में अजमेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक रूपिन्दर सिंह के आदेशों के तहत पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक भवानी सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा राकेश बैरवा के सुपरविजन में जिले में कार्रवाई की गई।

जिले के वृत स्तर पर पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना स्तर पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। इसमें विभिन्न स्थानों पर दबिश और धरपकड़ की कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किए गए। अभियान के अन्तर्गत जिले में 407 अधिकारी-कर्मचारियों की कुल 111 टीमें गठित कर 486 स्थानों पर दबिश दी गई। अभियान के अन्तर्गत टीमों की ओर से एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत 02, आबकारी अधिनियम के 19, आर्म्स एक्ट के 06, जुआ एक्ट के 30, अवैध खनन के 13, आरएनसी एक्ट के 19 तथा अन्य अधिनियमों के अन्तर्गत 05 प्रकरण दर्ज किए गए।

इसी प्रकार अभियान के दौरान 94 प्रकरण दर्ज कर 120 जनों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के अन्तर्गत 53 एचएस, 04 वारण्टी, 50 सामान्य प्रकरणों में वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर 107 को गिरफ्तार किया गया। वहीं अभियान के अन्तर्गत शांतिभंग के आरोप में 526, 60 पुलिस एक्ट, 510 धारा में 321 को गिरफ्तार किया। इस प्रकार अभियान के दौरान जिले में 1074 आपराधिक प्रवर्ति के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इधर, कार्रवाई के बाद पुलिस अधीक्षक राजर्षिराज कोतवाली थाने पहुंचे और अभियान की जानकारी ली।

## भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली

**नरैना,** (निसं)। जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्मोत्सव के उपलक्ष में सोमवार को जैन समाज द्वारा भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दिगम्बर जैन महाअतिशय क्षेत्र से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होते हुए निकली।

शोभायात्रा में भगवान महावीर की मनमोहक झांकी सजाई गई। शोभायात्रा के दौरान युवक-युवतियां नाचते गाते भगवान महावीर के जयकारे लगाते चल रहे थे वहीं कस्बे के जैन समाज के लोगों ने अपने अपने घरों के बाहर शोभायात्रा के पहुंचने पर भगवान महावीर की पूजा अर्चना कर आरती की। इस दौरान अध्यक्ष पवन गोधा, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार लुहाड़िया, पवन कुमार लुहाड़िया, कांति चंद लुहाड़िया, पवन कुमार सोगाणी, अनिल सोगाणी, सुनिल सोगाणी, निर्मल सोगाणी, रमेश सोगाणी, विनोद बोहरा, विमल लुहाड़िया, मनीष लुहाड़िया, अनिल पाटनी, प्रदीप पाटनी, संजय काला, अंकित काला, अंजना लुहाड़िया, सुमन सोगाणी, कुसुम लुहाड़िया, संगीता सोगाणी, उर्मिला लुहाड़िया, प्रेम देवी गोधा सहित जैन समाज के युवक युवतियां मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### कलश यात्रा निकाली



**पावटा,** (निसं)। ग्राम मांजूकोट के हनुमानजी की बगीची में शिव मंदिर में मंगलवार को भगवान शिव का महारुद्राभिषेक व बुधवार को महाजलाभिषेक एवं गुरुवार को विशाल भंडारे को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राजेश शर्मा ने बताया कि चार दिवसीय धार्मिक आयोजनों को लेकर नवनिर्मित शिव मंदिर मंजूकोट से सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई जो भूरी भडाज, ककराना से नगर भ्रमण करते हुए वापस शिव मंदिर मांजुकोट पहुंची। कलश यात्रा में करीबन 500 महिला व पुरुषों ने भाग लिया। यात्रा में मंगलदास महाराज, हरिदास महाराज ब्रहम जोडी नरसिंह मंदिर मांजुकोट, महंत रामदास महाराज के द्वारा दीप प्रज्वलित कर पंडित मनोज शास्त्री, पंडित अश्विनी शास्त्री पावटा के मुखारविंद से विभिन्न वेद मंत्रों के साथ कलश यात्रा का पूजन कर कलश यात्रा को रवाना किया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं पर ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। वही जगह जगह श्रद्धालुओ के लिए जलपान की व्यस्था की गई । वहीं यात्रा में रेवाडी के कलाकारों द्वारा सजीव झांकियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर नाथूलाल शर्मा, बद्री प्रसाद यादव, पूर्व सरपंच रामवतार यादव, सुरेश पटेल, प्रसादी यादव, सुगन चंद शर्मा, सतीश शर्मा, मूलचंद पंच, जुगल किशोर यादव, योगेश शर्मा, विमल शर्मा, हरि सैनी, सुंडा राम सैनी, अशोक शर्मा, डॉ सुरेन्द्र यादव, रामपाल, विजय वकील, रामकरण वर्मा, बाबूलाल वर्मा सहित बडी संया में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### पंचमुखी बालाजी का वार्षिक मेला 6 को

**फुलेरा,** (निसं)। पुराना फुलेरा स्थित प्राचीन पंचमुखी बालाजी मन्दिर परिसर में 6 अप्रैल को पंचमुखी बालाजी मेला आयोजन समिति के तत्वावधान 10 वां वार्षिक मेला आयोजित किया जाएगा। पंचमुखी बालाजी सेवा समिति के संरक्षक पांचू लाल बरवड़ एवं मेला आयोजन समिति के संरक्षक प्रकाश चन्द ऋषि ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमें प्रात: 8 बजे से संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पठन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12:15 बजे से विद्वान पण्डितों के सानिध्य में श्रीराम महायज्ञ आयोजित कर यजमानों के द्वारा पूर्णाहूति दी जाएगी। वहीं विभिन्न मन्दिरों से झांकीयों के साथ शोभायात्रा निकालकर मेला स्थल पर पहुंचेगी तत्पश्चात सायं 7 बजे महाआरती की जायेगी। वहीं आगे बताया कि उक्त कार्यक्रम में कई उपस्थित रहेंगे। साथ ही रात्रि 8 बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

### महापंचायत में डी.एस.एम.एम. के कार्यकर्ता शामिल हुए

**जयपुर,** (निसं)। जयपुर में आयोजित विशाल अनुसूचित जाति जनजाति महापंचायत में दलित शोषण मुक्ति मंच डीएसएमएम के प्रदेश सहसंयोजक डॉ.रमेश बैरवा के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न जिलों से मंच कार्यकर्ता भी शामिल हुए। डीएसएमएम ने महापंचायत की प्रमुख मांग 2 अप्रैल 2018 के भारत बंद के शेष मुकदमें राज्य सरकार द्वारा अविलंब वापस लेने एवं एससी एसटी की बढ़ी हुई आबादी के अनुपात में आरक्षण में बढ़ोतरी की मांग का समर्थन किया। साथ ही मंच की तरफ से आयोजकों को 15 सूत्रीय मांगपत्र दिया जिनमें से अनेक मांगें मुख्यमंत्री के नाम महापंचायत के 22 सूत्रीय मांगपत्र के ज्ञापन में शामिल की गई।

### राठौड़ व पूनिया को बधाई दी

**कोटपूतली,** (निसं)। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ को राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां को उपनेता प्रतिपक्ष बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिला पार्षद धुड़सिंह शेखावत के नेतृत्व में जयपुर पहुंचकर बधाई दी। शेखावत ने राठौड़ व पूनिया का माल्यार्पण कर दोनों नेताओं के सानिध्य में आगामी वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा का परचम लहराये जाने की बात कही। इस दौरान विक्रम सिंह नारेहड़ा, अमरसिंह राठौड़, कपिल शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पोषण पखवाड़ा मनाया

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत नारेहड़ा में आंगनबाड़ी पाठशाला तृतीय पर सोमवार को वार्ड पंच संजय जोशी की अध्यक्षता में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान मोटे अनाज, मौसमी सब्जी और फलों के सेवन आदि के बारे में बताया गया। इस दौरान मीरा देवी, सन्तोष देवी, प्रभा देवी, सरोज देवी, सुधा देवी, रेखा कंवर, पाकिजा बानो, अनिता, सरोज सैनी, शोभा देवी, किरणलता, शकुन्तला, दुर्गावती सैन, मनोज कंवर, अनिता आचार्य, संतरा देवी, आशा देवी समेत महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया

### भजन संध्या व भण्डारा आज

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित श्री डुंगा वाला हनुमान मंदिर में मंगलवार 4 अप्रैल को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। वहीं रात्रि को गिरिराज लालवाड़ी एण्ड पार्टी द्वारा भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेगें।

## ब्राह्मण समाज की आमसभा आयोजित

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में सोमवार को ब्राह्मण समाज की आम सभा का आयोजन बजरंग लाल शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान आगामी 22 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर कोटपूतली में भगवान श्री परशुराम की शोभा यात्रा मंदिर परिसर से प्रारम्भ होगी। साथ ही इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा।

इस हेतु कोटपूतली नगर के मौहल्लों व कॉलोनियों में अलग-अलग टीमें बनाकर कार्यक्रम की तैयारियों का वितरण किया गया। साथ ही कोटपूतली तहसील के सभी गांवों से विप्र बंधुओ व अन्य लोगों को आमंत्रित करने हेतु अलग से टीमें बनाई गई। अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम अवतरण दिवस का कार्यक्रम भगवान परशुराम मंदिर प्रबंध कमेटी आयोजित करेगी। भव्य शोभा यात्रा के साथ विभिन्न झांकियां, सभा सम्मेलन सहित सुन्दरकांड व अन्य धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जावेगें। इस दौरान तहसील ब्राह्मण सभाध्यक्ष पं. किशोरी लाल शर्मा, जर्नादन पटवारी, मातादीन पुजारी, हरिशंकर शर्मा, नवल शर्मा, नवरतन शर्मा, रामौतार गौड़, मिथलेश शर्मा, नागेन्द्र वैद्यजी, नागरपाल कौशिक, अरूण शर्मा, छाजुराम चतुर्वेदी, राजेन्द्र भारद्वाज, ओमप्रकाश सारस्वत, देवकिशन शर्मा (सुन्दर), जुगलराज शर्मा, नन्दलाल जोशी, सज्जन कुमार जोशी, नानूराम शर्मा, ऋषि शर्मा, रविराय शर्मा, सुनील शर्मा, गोपाल जोशी, नरेश शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, नन्दकिशोर शर्मा, रतनलाल शर्मा, सत्यनारायण जोशी, शंकरलाल शर्मा, सुभाषचन्द शर्मा, श्यामसुन्दर पालीवाल, पवन शर्मा, श्रवण पारीक, विनोद शर्मा, नवीन चतुर्वेदी, अभिनन्दन शर्मा, रमेशचन्द शर्मा थानेदार, देवाशीष शर्मा, सुनील शर्मा, आशु शर्मा, बालकिशन शर्मा सहित सैकडों विप्रबंधु मौजूद रहे।

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान जारी





ग्राम आसपुरा में कांग्रेस सरकार की योजनाओं की जानकरी दी।

**कोटपूतली,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य की सभी 200 विधानसभा सीटों पर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कांग्रेस नेता, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पद यात्रा कर गांव व ढ्राणी तक आमजन के बीच भारत जोड़ो यात्रा के संदेश के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी की नीतियों व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवा रहे है।

उक्त अभियान कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में भी निरन्तर जारी है। कोटपूतली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा डोर टु डोर राज्य सरकार की योजनाओं के पत्रक वितरित किये जा रहे हैं। सोमवार को ग्राम आसपुरा व भैंसलाना में कार्यकर्ताओं ने कोटपूतली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी, नारेहड़ा ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल चंद आर्य के नेतृत्व में घर-घर पद यात्रा निकालकर पत्रकों का वितरण किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा में नि:शुल्क इलाज, 100 यूनिट बिजली फ्री, किसानों को 02 हजार यूनिट तक बिजली फ्री, न्यूनतम 01 हजार रुपये पेंशन व कोटपूतली को जिला बनाकर सराहनीय कार्य किया गया है। यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर अपार जोश, उत्साह व उल्लास के साथ देशभक्ति नारे भी लगाये। इस दौरान गोविन्द सिंह, हजारी सिंह, मनमोहन यादव, सुभाष कुमावत, सवाई सिंह, मामन सिंह, हजारीलाल यादव, पृथ्वीसिंह शेखावत, वीरेन्द्र यादव, सोणाराम गुरूजी, रमेश यादव, धर्मवीर यादव सरपंच, रघुवीर यादव, मनमोहन यादव, मामनसिंह सूबेदार, अशोक यादव, मातादीन यादव, रामकुमार मेडिकल, विक्रम पंच, मोहन यादव, रामसिंह यादव, धर्मपाल पंच, पूर्ण धानका, अशोक कुमार, सुभाष योगी, अमरसिंह यादव, कृष्ण मीना, मनोज रतावल, जीतू आर्य, कृष्ण सांपला, दशरथ सिंह, बनवारीलाल स्वामी, महेन्द्र सिंह, लक्ष्मण यादव, जलेसिंह, राजेन्द्र यादव, ओकेश सिंह, अशोक मास्टर, अरविन्द यादव, सोनू आर्य पार्षद, आनन्द सैनी, विक्रांत सैन समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## विकास कार्यों के लिए 51 लाख रुपये स्वीकृत

**कोटपूतली,** (निसं)। क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव द्वारा कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत पवाना अहीर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 51 लाख 24 हजार रूपयों की राशि जारी की गई है। ग्राम पवाना अहीर के सेठ मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय के खेल मैदान को विकसित किये जाने के लिए मनरेगा व स्वच्छता मिशन के तहत बाउण्ड्री निर्माण, ट्यूबवैल, बैडमिंटन कोर्ट, आधुनिक पोंड तालाब आदि कार्य के लिए 11 लाख 74 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार डीएमएफटी कोष से अम्बेडकर भवन के निर्माण हेतु 12 लाख रूपये, विधायक कोष से ग्राम पंचायत परिसर में सीसी ब्लॉक निर्माण हेतु 05 लाख रुपये, पंचायत परिसर में आर ओ प्लांट व चबूतरा निर्माण हेतु 01 लाख 50 हजार रुपये, पंचायत परिसर में पानी की टंकी निर्माण हेतु 01 लाख, एससी मौहल्ले के श्मशान की चार दिवारी निर्माण हेतु 05 लाख, कल्याण मास्टर के मकान से रामौतार सांपला के मकान तक सीसी सडक निर्माण हेतु 10 लाख रुपये, बाबूलाल जांगिड़ के मकान से भैंरू बाबा मंदिर की ओर सीसी सडक निर्माण हेतु 05 लाख रूपये की स्वीकृति जारी की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पर पंसस मनोज मीणा व सरपंच पूरणमल खटीक ने यादव का आभार व्यक्त किया है।

## राठौड़ व पूनिया को बधाई दी

**पावटा,** (निसं)। राजस्थान बीजेपी पार्टी ने विधायक दल की बैठक में राजेंद्र राठौड और सतीश पूनिया को बड़ी जिम्मेदारी दी है। राजेंद्र राठौड़ राजस्थान का नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है, वहीं सतीश पूनिया को उपनेता प्रतिपक्ष की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। राजस्थान बीजेपी के बड़े नेता गुलाब चंद्र कटारिया के असम का राज्यपाल बनने के बाद ये पद खाली था। इस दौरान पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, भाजपा नेता हरी प्रसाद बल्लीवाल, मण्डल अध्यक्ष प्रकाश राठी सहित आसपास के क्षेत्रों से भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जयपुर पहुंचकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। वही पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल ने भी जयपुर पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड से मिलकर उनका हार्दिक स्वागत करते हुए शुभकामनाए दी।

## महावीर स्वामी का जन्म महोत्सव मनाया

**फागी,** (निसं)। कस्बे सहित चकवाड़ा, चौरु, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा तथा लदाना परिक्षेत्र के सारे जैन समाज ने जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर का 2622 वां जन्म कल्याणक जोर शोर से मनाया।

कार्यक्रम में जैन समाज के मीडिया प्रवक्ता राजा बाबू गोधा ने अवगत कराया कि आज फागी कस्बे में उपाध्याय उर्जयन्त सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में प्रात: श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा बाद अष्टद्रव्यों से पूजा हुई। कार्यक्रम में प्रात: जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा जयकारों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई तथा सुबह 9 बजे उपाध्याय उर्जयन्त सागर मुनिराज के पावन सानिध्य में बीचला मंदिर से मुख्य बाजार होती हुई पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर तक 101सोभाग्यवती महिलाओं द्वारा भव्य घटयात्रा एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा तथा मंत्री कमलेश चौधरी ने बताया कि कस्बे को दुल्हन की तरह सजाया गया था सभी घरों के बाहर रंगोलियां बनाई गई थी, जगह जगह श्री जी की आरती उतारी गई, पारसनाथ मंदिर पर घट यात्रा पहुंचने के बाद 1008 कलशों श्री जी का अभिषेक किया। कार्यक्रम में बजरंग लाल ,महेश कुमार ,कमलेश कुमार जैन पंवालिया निवासी को श्रीजी का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, मोहनलाल, कमलेश कुमार, महेश कुमार, आशुतोष झंडा परिवार को श्रीजी की शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, आरव जैन पुत्र मुकेश पीपलू वालों को बालक वर्धमान बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## 11 माह से फरार लुटेरा गिरफ्तार

**फागी,** (निसं)। थाना पुलिस ने लूट के मामले में 11 माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। फागी थानाधिकारी भंवर लाल वैशणव के अनुसार भोजपुरा बस स्टैण्ड से फागी की ओर आने वाले रास्ते पर रामनाडी के समीप सुनसान जगह पर परिवादी को रूकवाकर डरा धमका कर उसके बैग से 20 हजार नगद 15 हजार फोन पे से तथा मोटरसाइकिल छीन कर 3 मई 2022 को वारदात कर फरार हो गये थे। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी बन्टी उर्फ बन्शी गुर्जर निवासी भोजपुरा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पूर्व में भिजवा दिया था जबकि एक आरोपी श्रीराम गुर्जर उर्फ दीनू बडहाली पुत्र रामफूल गुर्जर निवासी बडहाली की ढाणी माधोराजपुरा 11 माह से फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी का टोंक में भव्य स्वागत

- **हम सब मिलकर राजस्थान से इस नकारा सरकार को हटाने के लिए संघर्ष करेंगे : सीपी जोशी**



भाजपा कार्यकर्ताओं ने बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी का कोटा जाते समय टोंक में भव्य स्वागत किया।

**टोंक/निवाई,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के नव-नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी का कोटा जाते समय टोंक में हाईवे पर कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया।

यहां मंच से जोशी ने नेताओं को दो टूक जवाब दिया वहीं मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस सरकार को घेरा और एकजुटता से चुनाव लड़ने का दावा किया। जोशी ने आज टोंक में बड़ा और स्पष्ट बयान देकर साफ कर दिया कि आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी सिर्फ केंद्र सरकार की योजनाओं और नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी। राजस्थान में मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे नेताओं को लेकर कहा कि अब किसी का फोटो नहीं, केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के फोटो लगेंगे। सीपी जोशी के नारे लगा रहे कार्यकर्ताओं से कहा कि मेरा नारा मत लगाइए। जितनी मेरी आयु है, उतनी कई कार्यकर्ताओं की राजनीतिक आयु है इसलिए सिर्फ भारत माता, बीजेपी पाटी, नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा के नारे लगाएं।

सीपी जोशी ने जयपुर बम ब्लास्ट मामले में सरकार की ओर से पैरवी पर सवाल उठाते हुए निशाना साधा और कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री गहलोत ने कुर्सी बचाने के लिए कई वकील खड़े कर दिए। लेकिन जयपुर में 71 लोगों की जान गई, 185 लोग घायल हुए। लेकिन सरकार ने एक भी वकील खडा नहीं किया। नतीजा सभी आरोपी बरी हो गए। सीपी जोशी ने कहा कि आतंकी 18 वकील सुप्रीम कोर्ट में लाकर खडे कर सकते हैं तो राजस्थान सरकार की ऐसी क्या कमजोरी थी की सरकार 71 लोगों के लिए मजबूती से खडी नहीं रह पाई।

बीजेपी की एकजुटता के सवाल पर बोलते हुए सीपी जोशी ने कहा कि हम सब मिलकर राजस्थान से इस नकारा सरकार को हटाने के लिए संघर्ष करेंगे। इस मौके पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहुर, सतीश चंदेल, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री चंद्रवीर सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनिवास गुर्जर, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, नरेश बंसल, जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बेनी प्रसाद जैन,अनिल टिक्कीवाल, सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्युत लाइन को भूमिगत करवाने की मांग

**सांभरझील,** (निसं)। विद्युत लाइन को भूमिगत करवाए जाने की मांग को लेकर पार्षद विजय प्रजापत के नेतृत्व में नगर वासियों ने विधायक निर्मल कुमावत को ज्ञापन सौंपकर इसके लिए मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि सांभर-फुलेरा रोड पर डिवाईडर बनने के कारण 33 केवी लाईन को डिवाईडर से दूर किया जाना प्रस्तावित है जो उचित भी हैं लेकिन आमजन की सुरक्षा की दृष्टि से 33 के.वी. लाईन के मकानों, दुकानों के नजदीक आने से भविष्य में किसी अनहोनी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि सांभर फुलेरा रोड अत्यधिक व्यस्तम मार्ग है। यहां सरकारी महाविद्यालय होने से सैकड़ों विद्यार्थी शिक्षा अर्जन करने के लिए आते हैं, तथा प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों, व राहगिरों का आने-जाने का क्रम बना रहता है क्योंकि जिस तरफ 33 के.वी. लाईन शिफ्टिंग की जा रही है वे सभी के लिए खतरा बन सकती है। सांभर से अपडाउन करने वाले लोग भी सुबह जल्दी में होते है। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुये 33 केवी लाईन को पोल पर शिफ्ट करने से भविष्य में किसी बड़े हादसे होने की संभावना बनी रहेगी। अत: उक्त प्रस्तावित 33 के. वी. लाईन को कॉलेज तक भूमिगत (अंडरग्रांट) किया जाना अतिआवश्यक हैं। जिससे किसी प्रकार की जनहानि की संभावना को टाला जा सके। इस मौके पर गांव की अनेक लोग मौजूद रहे।

# भगवान महावीर की जयंती धूमधाम से मनाई



महावीर जयंती पर निकाली गई रथयात्रा में श्रद्धालु शामिल हुए।

**निवाई,** (निसं)। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को शोभायात्रा निकाली गई।

दिगंबर जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौला ने बताया कि भगवान महावीर जयन्ती के उपलक्ष्य पर श्री दिगंबर जैन बड़ा मन्दिर से गाजे बाजे के साथ रथयात्रा रवाना होकर पाटनी मोहल्ला, पटेल रोड, बडा बाजार, सब्जी मण्डी, बिलाला चौक, चौहट्टी बाजार, खारी कुंई होते हुए पारस नाथ उद्यान के समीप सन्त निवास नसियां जैन मन्दिर पहुंची। रथयात्रा के जुलुस में जैन समाज के लोगों द्वारा भगवान पारसनाथ एवं महावीर भगवान की आरती उतारकर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में भगवान महावीर के रथ में खजांची बनने का सौभाग्य विनोद कुमार सुनारा को मिला। चंवर ढुलाने का सौभाग्य महावीरप्रसाद पारसकुमार पराणा व सामुहिक कलशाभिषेक की माला पहनने का सौभाग्य रामेश्वर प्रसाद, ताराचन्द मोठूका को मिला। जुलूस के अन्तर्गत भगवान महावीर की रथयात्रा पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा की गई। महावीर जयंती महोत्सव पर शोभायात्रा दिगम्बर जैन बडा मंदिर से रवाना होकर नसियां मंदिर पहुंची जहां श्रीजी के कलशाभिषेक का आयोजन भी किया गया। प्रवक्ता विमल जौला व राकेश संघी ने बताया कि सोमवार शाम को भगवान की रथयात्रा जैन नसिया से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होती हुई वापस बडा जैन मंदिर पहुंची जहां पर भगवान पार्श्वनाथ को विराजित कर आरती की गई।